हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 9 मई 2024

04 मतदान दलों को लेकर लौट रही बस में आग लगने...



07 महाराणा प्रताप जयंती पर राजपूत समाज ने निकाली ...





### खेल विद्याओं से पारंगत होंगे स्कूली बच्चे

# शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जरूरी है खेलः कलेक्टर

शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल गतिविधियां आवश्यक हैं। यह बात जिले में शासन द्वारा आयोजित खेल प्रशिक्षण शिविर की बैठक में कलेक्टर सोनिया मीना ने अधिकारियों से कही। जिले में समस्त शासकीय स्कूलों के बच्चे गुरूवार से खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को खेल विद्याओं से पारंगत किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 मई से 10 जून तक जिले के सभी विकासखंडो में किया जा रहा है।

### 42 मैदानों पर लगेंगे प्रशिक्षण शिविर

जिला खेल अधिकारी उमा पटैल ने बताया है कि निम्न 42 स्थानों पर खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण में हॉकी, व्हालीबाल, बास्केटवाल, तैराकी, रोलर स्केटिंग, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कराते, जुडो/ कुराश, कबड्डी, फुटबॉल, शतरंज, टेनिस/सॉफ्ट टेनिस, हेंडबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, ताईक्वांडो, रोप स्पीकिंग, खो-खो, कुश्ती, योगा आदि का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को दिया जाएगा। जिले के सातो विकासखंडो-नर्मदापुरम, पिपरिया, सिवनीमालवा, माखननगर, सोहागपुर, बनखेड़ी एवं केसला में चिन्हित खेल मैदानो में दिया जाएगा। खेल प्रशिक्षको को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय पर प्रशिक्षण स्थलों पर उपस्थित रहकर प्रशिक्षण शिविरो का निर्देशानुसार आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करें। बताया गया है कि विकासखंड नर्मदापुरम में हॉकी का प्रशिक्षण हॉकी टर्फ मैदान महिला जेल के पीछे, व्हालीबाल एवं बास्केटबॉल का शासकीय कन्या उमावि, तैराकी का डालफिन एकेडमी बुधवाड़ा, रोलर स्केटिंग, टेबिल टेनिस, बैडमिंटन, कराते, जुडो/कुराश, कबड्डी का शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, फुटबॉल का शासकीय एसएनजी एवं पुलिस लाईन में, फुटबॉल एवं शतरंज कामगार कल्याण केन्द्र एसपीएम में, टेनिस/साफ्ट टेनिस का आफीसर कल्ब वृद्धजन पार्क के पास, हेण्डबाल का सेमेरिटन हायर सेकेण्ड्री स्कूल, हेंडबाल/साफ्टवाल का शासकीय बालक उमावि सीएमराइज इटारसी में तीरंदाजी शासकीय उमावि इटारसी, फुटबाल/ एथलेटिक्स विजयाराजे सिंधिया खेल प्रशाल खेड़ा इटारसी में, हॉकी गांधी स्टेडियम, शासकीय उमावि सूरजगंज इटारसी में, व्हालीवाल शा.उमावि मेहरागांव एवं शा.उमावि निमसाड़िया में आयोजित किये जायेंगे।

इसी तरह से विकासखंड सिवनीमालवा अंतर्गत कबड्डी, एथेलेटिक्स, फुटबॉल एवं हॉकी का प्रशिक्षण शा उमावि सिवनीमालवा में, विकासखंड पिपरिया अंतर्गत हैंडबॉल तथा ताइक्वांडो का प्रशिक्षण शास. उमावि पिपरिया में आयोजित किए जाएंगे, विकासखंड माखननगर में व्हालीबाल, रोप स्पीकिंग का प्रशिक्षण शा मॉडल हायर सेकेण्ड्री स्कूल माखननगर में, विकासखंड सोहागपुर में व्हालीबाल का सीएमराइज उमावि सोहागपुर, बेडमिंटन, फुटबाल का जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर में, विकासखंड बनखेड़ी खो-खो, कबड्डी शा. उमावि बनखेड़ी में, कुश्ती व योगा शा.उमावि सीएम राइज बनखेड़ी में तथा विकासखंड केसला में एथलेटिक्स का शा.उमावि सेमरीखुर्द एवं कबड्डी का प्रशिक्षण शा.उमावि जमानी में आयोजित किये जाएंगे।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हुई मानवता जीवित रखने पर विचार गोष्ठि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सर हेनरी डूनाट के जन्म दिवस को विश्व रेडक्रॉस दिवस के रुप में इस वर्ष की थीम कीपिंग हुमेनिटी अलाइव मानवता को जीवित रखना के अनुसार बुधवार को रेड क्रॉस कार्यालय में मानवता जीवित रखना पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्षता चेयरमैन चंद्रगोपाल मलैया, मुख्य अतिथि बड़ौदा बैंक प्रबंधक प्रवीण कुमार, सिविल सर्जन आरसी प्रजापति ने सर हेनरी डूनाट के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा अपने मानवता को जीवित रखना विषय पर विचार व्यक्त किए गए जिसमें डॉ सुधीर विजयवर्गीय ने पीड़ित मानवता की सेवा करने का रेड क्रॉस एक अच्छा माध्यम है, मुकेश श्रीवास्तव द्वारा सर हेनरी डूनॉट के जीवन पर प्रकाश डाला एवं पीड़ित मानवता की सेवा पर प्रेरक जानकारी दी। डीएस दांगी द्वारा रेड क्रॉस के उद्देश्य एवं सिद्धांतों पीड़ित मानवता की सेवा सर्वोपरि है हमे मानवता को जीवित रखना होगा पर विचार व्यक्त किए गए। गौरव सेठ द्वारा जिला रेड क्रॉस पीड़ित मानवता की सेवा में निरंतर कार्य कर रही है।

जिसमें स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर नेत्र शिविर आदि आयोजन कर पीड़ित मानवता की सेवा में अग्रणी कार्य कर रही उदित द्विवेदी ने बताया कि निः स्वार्थ भाव सेकिसी भी जाति,धर्म, वंश,रंग, लिंग में बिना भेद भाव के पीड़ित मानव की सेवा ही मानवता की सही परिभाषा है, गजभिय ने रेडक्रास को सीआरएस मद से यथा संभव मदद कर ने का आश्वसान दिया एवं रक्तदान शिविर आयोजित करने मे सहयोग करेंगे। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु विचार व्यक्त किए गए इस अवसर पर जिला रेडक्रास प्रबंध समिति के चेयरमैन चंद्र गोपाल मलैया, सचिव डॉ आरसी प्रजापति, कोषाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, डॉ सुधीर विजयवर्गीय, डॉ आर गंगराड़े, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा प्रवीण कुमार गजभिये,डॉ राजेश महेश्वरी, जीएस डांगी, गौरव सेठ, उदित द्विवेदी, प्रदीप मिश्रा, विपिन जैन, असलम भारतीय, विनोद स्प्रे, बसंत जोशी, शेरसिंह बड़कुर, ममता मंडल, आशा बॉथरी, सीमा दामडे सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्टॉप उपस्थत हुए अंत में सभी अतिथियों का आभार शेर सिंह बड़कुर ने किया।

# एसटीआर अंतर्गत बोरी अभ्यारण्य में छोड़ा तेंदुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुडा टाइगर रिजर्व एवं वन विहार के रेस्क्यू दल के सहयोग से एक मादा तेंदुए को सतपुडा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत बोरी अभ्यारण्य में 7 मई को मध्य रात्रि में क्षेत्र संचालक, उपसंचालक, सहायक संचालक, वन्यप्राणी चिकित्सक दल, परिक्षेत्र अधिकारी बोरी, चूरना एवं सतपुडा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम् के स्थानीय अमले की उपस्थिति में सफलता पूर्वक खुले वनक्षेत्र में विचरण के लिए सफलता पूर्वक मुक्त किया गया।

उल्लेखनीय है कि गत 14 अप्रैल को सीहोर (क्षेत्रीय) वनमण्डल के किशनपुर गांव में एक मादा तेंदुआ एक ग्रामीण के घर में घुस जाने के कारण उसे रेस्क्यू कर वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल भेजा गया था। रेस्क्यू किये गये मादा तेंदुए का वन विहार में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उसे कुछ समय तक क्वारेंटाइन रखा गया। इस दौरान मादा तेदुआ ने नियमित रूप से भोजन प्रारंभ किया। इस मादा तेंदुआ को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल से सतपुडा टाइगर रिजर्व में मुक्त किये जाने की अनुमति प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यप्राणी) म.प्र. भोपाल द्वारा जारी की गयी। इसके पालनस्वरूप वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में मादा तेंदुए को वन विहार एवं वाइल्ड लाइफ कन्जरवेशन ट्रस्ट के वन्यप्राणी चिकित्सक दल द्वारा रेडियो कालर लगायी गयी। ततपश्चात उपरोक्त मादा तेंदुए को सतपुडा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत बोरी अभ्यारण्य में वनक्षेत्र में विचरण के लिए सफलता पूर्वक मुक्त किया गया।

### 11 मई को होगा हाजियों का प्रशिक्षण ओर टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इस बार जिले से 68 हाजियों का जत्था हज के लिए मुस्लिम समाज के सबसे पवित्र शहर मक्का और मदीना के लिए रवाना होगा। हाजियों के रवाना होने से पहले हर साल उनके प्रशिक्षण ओर टीकाकरण किया जाता है। इस साल भी ये आयोजन 11 मई को आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के हाजी हुसैन खान ने बताया कि हज पर जाने वाले हजरत के लिए नर्मदापुरम में प्रशिक्षण और टीकाकरण शिविर रखा गया। शनिवार सुबह 9.30 बजे से ये शिविर दारुल उलुम मदरसा मालाखेड़ी में शुरू होगा। समिति ने समस्त धर्मप्रेमियों से आयोजित प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर में शामिल होने की बात कही।

# श्री रंग कालोनी में विराजेंगे गणेश भोलेनाथ, भगवती और हनुमान

### कलश यात्रा के साथ प्राणप्रतिष्ठा समारोह प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बुधवाड़ा रोड स्थित श्रीरंग कालोनी फेस 2 में निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह क आरंभ बुधवार सुबह कलश यात्रा के साथ हुआ। मंदिर में भगवान गणेश, भोलेनाथ, माता गौरी और हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा विद्वान आचार्य अमित रावत, सत्यनारायण तिवारी, कृष्णा तिवारी, मंगेश द्विवेदी, अरुण रावत द्वारा कराई जा रही है। आचार्य तिवारी ने बताया कि प्रथम दिवस बुधवार को विधिवत नवग्रह पूजा के बाद प्रतिमाओं का अन्नाधिवास, शैयाधिवास कराया गया। इसके



बाद अगले दिवस गुरुवार को जलाधिवास, पुष्पाधिवास आदि कराया जायेगा। जबकि 10 मई अक्षय तृतीया को प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। उक्त आयोजन में फेस 2 सहित फेस 1 के निवासियों का भी पूरा सहयोग और सहभागिता है। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन सभी के सहयोग से किया जा रहा है। अक्षय तृतीया को प्रतिष्ठा के बाद कन्या भोज एवम भंडारे का भी आयोजन होगा।

# चारु चीचाम का चिल्ड्रन एशियाई खेलों में चयन

### समेरिटन्स स्कूल की छात्रा करेंगी प्रतिनिधित्व




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हाल ही में पुणे महाराष्ट्र में आयोजित प्रतियोगिता में समरिटंस की छात्रा चारु चिचाम का चयन 8वें चिल्ड्रन गेम्स ऑफ एशिया के लिए किया गया है। चारु आगामी 27 जून से 8 जुलाई तक रूस में आयोजित उक्त स्पर्धा की भारतीय कुराश टीम का प्रतिनिधित्व करेगी।

समेरिटन्स विद्यालय की कुरश चैंपियन चारु चिचाम का चयन 44 किलोग्राम वजन समूह में हुआ है। ज्ञात रहे कि इससे पहले चारु कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर चुकी है। उसके उत्कृष्ट खेल को देते हुए उसे छात्रवृत्ति भी दी जा रही है।

चारु की कोच वैशाली तिवारी है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कुराश महासंघ रवि कपूर, राहुल व्यास, विक्रांत कश्यप, समेरिटन्स विद्यालय संचालक डॉक्टर आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, सचिन खम्परिया, कोच वैशाली तिवारी ने शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नर्मदापुरम में हर्षोल्लास से आज निकलेगी भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विप्र समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी का प्रकटोत्सव नर्मदांचल में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। गुरूवार को नर्मदापुरम में विप्र समाज द्वारा भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्रा नर्मदापुरम के सुप्रसिद्ध सेठानीघाट से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो



से निकाली जाएगी। इसके पश्चात भगवान परशुराम जी की महाआरती प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा साथ श्री जगदीश मंदिर धर्मशाला में भंडारा सम्पन्न होगा। वहीं 10 मई को प्रातः श्री गोपाल मंदिर में भगवान परशुराम जी का सहस्त्रार्चन पूजन अभिषेक किया जाएगा। समिति के पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा, डॉ गोपाल प्रसाद खद्दर, दिनेश तिवारी, पत्रकार राजेश तिवारी, बलराम शर्मा, सौरभ तिवारी, प्रफुल्ल तिवारी, अतुल तिवारी, राहुल वशिष्ठ, नीरजेश त्रिपाठी, अविनाश मिश्रा, विनोद दुबे, विनोद रावत, योगेश शर्मा, सुखदेव भार्गव, मनीष तिवारी, केके शर्मा, शशिकांत दुबे, उदित द्विवेदी, प्रकाश शर्मा, ममता शर्मा, शारदा तिवारी, सविता तिवारी, मोनिका जोशी, निधि दीक्षित, आरती शर्मा, रेखा उपाध्याय, अर्चना पुरोहित, नंदा तिवारी आदि ने समस्त सनातन धर्मावलम्बियों से आह्वान किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ लेकर आयोजन को सफल बनाए।

### 30 जून तक सुबह 8 बजे से लगेगी आंगनबाड़ी

**नर्मदापुरम।** भीषण गर्मी में मौसम के तापमान में हुई वृद्धि के कारण आगामी 30 जून तक आंगनबाड़ियो का संचालन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि आंगनबाड़ी खुलने का समय प्रातः 8 बजे, बच्चों के लिए नाश्ते का समय प्रातः 9 बजे, बच्चो को भोजन का समय प्रातः 10.30 तथा बच्चों की आंगनबाड़ी केन्द्र से छुट्टी दोपहर 12 बजे होगी। दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गृह भेंट, अभिलेखों का संधारण एवं अन्य गतिविधियाँ पूर्ववत संचालित की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से 30 जून तक प्रभावशील रहेगा।

### नर्मदा के समस्त घाटों पर पूजा-पाठ व स्नान कर किया सतुआ का दान

# मां नर्मदा के जल में लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वैशाख माह की अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पतित पावनी मां नर्मदा के जल में पुण्य स्नान कर पूजा अर्चना की। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन सात प्रकार के अनाजों के मिश्रण का आंटा जो सतुआ कहलता है का दान कर धर्मलाभ लिया। अलसुबह से ही श्रद्धालुओं ने नर्मदापुरम के सुप्रसिद्ध सेठानीघाट, पर्यटन घाट, कोरीघाट, मंगलवारा घाट, स्वामी विवेकानंद घाट, सर्किट हाउस घाट, हर्बल पार्क घाट सहित अन्य घाटों पर पहुंचकर नर्मदा जल में आस्था की डुबकी लगाकर मनवांछित फलों की कामना की। स्नानार्थियों द्वारा नर्मदा के जल में देर शाम तक स्नान किया गया। नर्मदापुरम समेत इटारसी, भोपाल, विदिशा, रायसेन, बैतूल सहित दूरदराज क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालु नर्मदा नदी में स्नान कर ने पहुंचे है।





प्राचीन सेठानी घाट, कोरी घाट, पर्यटन घाट, विवेकानंद घाट, बांद्राबांध घाट, सांडिया घाट, बाबरी घाट, आवली घाट सहित सभी घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। नर्मदा नदी में स्नान कर पूजा-पाठ की जा रही है। इस अमावस्या पर सत्तू दान करने का महत्व है। जिसके चलते श्रद्धालु भी नर्मदा तट पर सत्तू का दान कर रहे हैं।

### सत्तू का दान कर किया सेवन

चने की दाल, गेहूं और जौ तीन वस्तुओं को मिलाकर बनने वाले सत्तू का सत्तू अमावस्या पर विशेष महत्व होता है। चने की दाल गेहूं और जौ इन तीन प्रकार के धान की सिकाई कर पत्थर की घट्टी या चक्की में पीसकर खाद्य पदार्थ सत्तू तैयार किया जाता है। जिसे गुड़ या शकर के पानी में मिलाकर स्वाद अनुसार लोग खाते हैं।

# संभागीय संयुक्त संचालक ने किया आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संभागीय संयुक्त संचालक एच.के शर्मा, महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम ने आज जिला नर्मदापुरम अंतर्गत महिला एवं बाल विकास परियोजना-नर्मदापुरम शहरी में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड क्रं 09 केन्द्र क्रं-2, वार्ड क्रं-07 केन्द्र क्रं-02 एवं वार्ड क्रं-09 केन्द्र क्रं-01 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन एवं हितग्राहियों को प्रदाय की जा रही आईसीडीएस की सेवाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी ली। आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित बच्चों का रेण्डम आधार पर समक्ष में वजन एवं ऊंचाई तथा शारीरिक माप लिया



गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण ट्रैकर एप में दर्ज बच्चों के वजन एवं ऊंचाई का सत्यापन भी किया गया। संयुक्त संचालक द्वारा बच्चों का सही-सही शारीरिक माप लेने तथा शुद्ध व सटीक आंकड़े पोषण ट्रैकर एप में दर्ज करने हेतु निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को नियमित रूप से समय पर आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने एवं बच्चों को निर्धारित मीनू अनुसार समय पर गर्म ताजा पका नाश्ता/भोजन प्रदाय करने तथा समस्त पात्र की सेवाओं से लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से आज मनाई जाएगी सेन महाराज की जयंती

**बैतूल।** सेन समाज के आराध्य श्री सेन महाराज की जयंती गुरुवार सर्व सेन समाज द्वारा धूमधाम से मनाई जाएगी। अध्यक्ष रमेश बोरखड़े ने बताया कि गुरुवार प्रातः 9:30 बजे से सेन चौक से सेन पार्क पार्क तक शोभायात्रा निकाली जाएगी और प्रातः 10:30 से शाम 4:30 बजे तक काशी तालाब सदर के समीप मैदान में युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान समारोह, पूजन, उद्बोधन आदि किया जाएगा। उपाध्यक्ष नरेश राजू मालवीय, संजु श्रीवास, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपक मालवीय, युवा कोषाध्यक्ष भगवानदास बोरकर, नगर अध्यक्ष दिनेश देशकर, सदन कुरूवाले ने सभी स्वजातीय बंधुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

### 26 वर्षीय युवक लापता कोतवाली में शिकायत

**बैतूल।** देशबंधु वार्ड टिकारी निवासी एक महिला ने कोतवाली थाने में उनके 26 वर्षीय पुत्र की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत कर्ता पीरन बी पति रफीक खान ने आवेदन के माध्यम से दो संदेही युवकों से पूछताछ कर खोजबीन करने की मांग की। पीरन बी ने बताया अनावेदकगण पैर से विकलांग है। 30 अप्रैल को उनके पुत्र सलमान को जयपुर (राजस्थान) के अस्पताल में नकली पर लगवाने के लिए साथ में लेकर गए थे। एक विकलांग युवक विगत 2 मई को वापस आ गया और जब उन्होंने अनावेदक से पूछा तो उसने बताया सलमान स्टेशन पर छुट गया। कौन से स्टेशन पर छुटा यह बात स्पष्ट नही बता रहा। दूसरा विकलांग युवक भी 3 मई को वापस आ गया था। लेकिन सलमान खान घर नहीं लौटा है। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि सलमान के पास पास मोबाइल फोन भी नही है और न ही पहचान के दस्तावेज है। आवेदिका को भय है कि सलमान खान के साथ कोई अप्रिय घटन न हो गई हो। ऐसी स्थिति में उन्होंने सलमान का पता लगाने का आग्रह कलेक्टर से किया है।

## बैतूल में चार पोलिंग बूथों पर 10 मई को दोबारा होगा मतदान

# मतदान दलों को लेकर लौट रही बस में आग लगने से जल गई ईवीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई।





मुलताई विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के मतदान दल एवं मतदान सामग्री को लेकर लौट रही बस में ग्राम गौला के पास अचानक आग गई जिसमें संपूर्ण बस जलकर खाक हो गई। विजय बस सर्विस मुलताई की इस बस में 6 मतदान केंद्र के 39 लोग सवार थे।

जिन्होंने किसी तरह पिछले दरवाजे एवं खिड़की के कांच फोड़ कर अपनी जान बचाई ।हालांकि जन हानी नहीं हुई है किंतु ड्राइवर प्रकाश पवार ने बताया कि ईवीएम एवं पेड और अधिकारियों के कुछ बैग जले हैं। बस आगजनी के संबंध में प्र का श पवार ने बताया कि सबसे पहले आग गियर बॉक्स में दिखाई दी उसने गाड़ी साइड में खड़ी करके वह कूद गया क्योंकि गेट लॉक होने लगा था। सेक्टर अधिकारी रवि कुमार वर्मा थे । बैतूल, आमला और मुलताई की फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंची किंतु तब तक संपूर्ण बस जलकर राख हो गई थी। सहायक रिटर्निंग अधिकारी तृप्ति पटैरया, मौके पर पहुंच गई थी जो रात तक घटनास्थल पर मौजूद रहीं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा 4 ग्रामों की हुई ईवीएम मशीन एवं पेड को सील कर लिया गया है और इसकी सूचना निर्वाचन आयोग को भेज दी गई है।

जिसके आधार पर भारतीय निर्वाचन आयोग ने सचिव संदीप कुमार ने मुलताई विधानसभा के 129 के 296 मतदान केंद्रो में से चार मतदान केंद्रो पर पुनः मतदान कराए जाने का पत्र जारी कर दीया है। अब मुलताई विधानसभा क्षेत्र के चार पोलिंग बुथो पर 10 मई शुक्रवार को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक पुनः मत डाले जाएंगे। जिन पोलिंग बूथों की ईवीएम एवं पेड को नुकसान हुआ है उनमें राजापुर मतदान क्रमांक 275, मतदान दुदर रय्यत क्रमांक 276 , कुंदा रय्यत क्रमांक 279, चीचली माल क्रमांक 280 शामिल है ।

# खेत में काम कर रहा युवक बिल पर गिरा, सांप ने काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

खेत में करेले तोड़ने के दौरान एक युवक फिसलकर गिर गया इस दौरान युवक का हाथ सांप के बिल में चला गया और सांप ने युवक को काटा लिया गंभीर हालत में युवक को परिजन अस्पताल लेकर पन्हुचे स सांप का दांत भी लेकर अस्पताल पहुंचे परिजन घटना घोड़ाडोंगरी तहसील के पहाड़पुर गांव की जंहा बुधवार को खेत में करेले तोड़ने के दौरान युवक विजय बैरागी फिसलकर नीचे गिर गया जिससे युवक का हाथ सांप के बिल में चला गया। सांप ने युवक के हाथ में काटा लिया स परिजनों ने युवक को गंभीर हालत में घोड़ाडोंगरी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया वहीं परिजन सांप का दांत भी लेकर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार सांप ने युवक के हाथ में काट लिया था सांप का दांत टूट कर युवक के हाथ में गड़ा रह गया। परिजन सांप का दांत भी लेकर अस्पताल पहुंचे।परिजनों ने युवक को गंभीर हालत में घोड़ाडोंगरी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जंहा उसका इलाज जारी है। सर्प मित्र आदिल खान ने सांप दांत की पुष्टि की है और बताया की यह दांत रसल वाइपर या कोबरा का दांत है।

## मवेशियों को पानी पिलाने गए थे खेत

# मां-बेटे का शव कुएं में मिलने से फैली सनसनी

**बैतूल।** मुलताई थाना क्षेत्र के ग्राम जाम में मवेशियों को पानी पिलाने गए मां-बेटे का शव कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम जाम निवासी अनिता भादे (35) और बेटा महेश (15) सोमवार शाम को मवेशियों को पानी पिलाने के लिए कुएं पर गए थे। दोनों मां-बेटे का शव कुएं में पड़ा मिला है। परिजन दिलीप ने बताया कि प्रतिदिन की तरह अनिता और उसका बेटा महेश खेत के कुएं पर मवेशियों को पानी पिलाने के लिए गई थी। जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने ढूंढना शुरू किया। खेत के कुएं में अनिता की चप्पल नजर आई। चप्पल के आधार पर वहां मौजूद लोगों ने कुएं में गल डालकर देखा तो गल के साथ अनिता का शव ऊपर आया। उसके बाद बेटे महेश का भी शव पानी पर ऊपर आ गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुएं के अंदर से मां-बेटे के शव को बाहर निकाला। संभावना जताई जा रही है कि महिला मवेशियों को पानी पिलाते समय कुएं में गिर गई हो और बेटा भी बचाने के लिए कुएं में कूद गया हो। घटना की सत्यता किसी को भी नहीं पता है। इधर मृतकों का मुलताई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## पन्नियों से दुकानें ढक जाने के कारण ग्राहक रहते है गफलत में

# अनदेखी: दुकानों के आगे फिर लगने लगीं पन्नियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



बाजार में फिर से दुकानों के आगे पॉलीथिन लग रही है जबकि कुछ समय पहले ही नगर पालिका के अमले ने इन्हें सख्ती से हटवाया था। कुछ ऐसे ही बात इन दिनों बाजार में सुनने को मिल रही है।

इनके कारण बाजार के अंदर चार पहिया वाहन नहीं आ पाते हैं। समस्या उस समय विकराल हो जाती है जब आगजनी जैसी घटनाओं में समय पर दमकल भी बाजार के अंदर नहीं जा पाती है। अब मौसम बदलने वाला है, इसलिए इन सड़कों पर पॉलीथिन को लगाने पर प्रतिबंध पर सख्ती होना चाहिए।

अक्सर बारिश और गर्मी के दिनों में दुकानदार दुकानों के सामने प्लास्टिक की पन्नियां बांध देते हैं। धूप और बारिश से बचने के लिए वह यह सब करते हैं] लेकिन इससे जहां सुविधा मिलती है तो उससे अधिक इसके बंधे होने से नुकसान हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार सख्ती नहीं कर पाते हैं। कुछ समय पहले नगर पालिका ने सख्ती दिखाते हुए बाजार से इन दुकानों के आगे बंधी हुई पॉलीथिन को हटवा दिया गया था। उस समय तो सब पॉलीथिन हटा ली गई, लेकिन अब गांधी रोड पर फिर से यह दिखाई देने लगी हैं। नहीं निकल पाते चार पहिया वाहन पॉलीथिन के बंधे होने से इन सड़कों से कोई भी चार पहिया वाहन नहीं निकल पाते हैं। इससे लोगों को समस्या होती है। दिन ही नहीं रात के समय भी यह समस्या दिखाई देती है। दुकानदार एक बार जो इस पॉलीथिन को बांधते हैं तो फिर वह महीनों लगी रहती है।

## 3 से 12 वर्ष के विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विधाओं में हो रहे शामिल

# श्री विनायकम स्कूल के समर कैंप में सार्थक विधाओं से हो रहा बच्चों का स्किल डेवलपमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



विगत 22 वर्षों से संचालित जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान श्री विनायकम स्कूल में 1 मई से 11 मई तक समर कैम्प का आयोजन चल रहा है, जिसमें ग्रेड 3 से 12 वर्ष के विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभागिता दर्शा रहे हैं। इस समर कैम्प के छठवें दिन अतिथि रूप में हॉकी व फुटबॉल के दो पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रमेश भाटिया एवं नरेन्द्र ठाकुर ने समर कैंप का निरीक्षण किया। साथ ही अतिथि रूप में प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट सलोनी सरले ने भी श्री विनायकम स्कूल के समर कैम्प में विभिन्न विधाओं का अवलोकन किया।

रमेश भाटिया ने बताया कि उन्होंने विभिन्न स्कूलों के समर कैम्प का अवलोकन किया है, किंतु इतनी सारी विधाओं में छात्र छात्राओं की इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागिता केवल श्री विनायकम स्कूल में ही देखने को मिली। भाटिया ने अपने खेल जीवन के कुछ यादगार पलों को साझा कर, विद्यार्थियों को अनुशासन एवं परिश्रम का महत्व बताया। नरेंद्र ठाकुर ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यालय नित निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। इसका श्रेय विद्यालय प्रबंधन की दूरदर्शिता, स्कूल स्टाफ के समर्पित योगदान एवं विद्यार्थियों, पालकों व अभिभावकों के विद्यालय के प्रति अटूट विश्वास को जाता है। यही कारण है कि निजी विद्यालय होने के बावजूद इस विद्यालय में निःशुल्क समर कैम्प आयोजित किया जा रहा है। वहीं श्रीमती सलोनी सरले जी ने भी विद्यालय द्वारा आयोजित इस निःशुल्क समर कैंप की प्रशंसा करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि श्रीविनायकम स्कूल शुरुआत से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समुचित समग्र प्रयास करते आया है। इस निःशुल्क समर कैंप में बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट, मेहंदी, स्केच के साथ साथ कैलीग्राफी की बेसिक टेकनिक और मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। ये एक नवीन व उपयोगी कला है जिससे बच्चों का स्किल डेवलपमेंट भी होता है। साथ ही साथ विद्यालय के टीचिंग स्टाफ की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि आपके समर्पित प्रयासों के फलस्वरूप इस समर कैंप के सफल एवं निःशुल्क आयोजन हो पाया है। ये बात हमें दूसरों से भिन्न एवं श्रेष्ठ बनाती है। उल्लेखनीय है कि इस समर कैंप में क्रिएटिव आर्ट्स के अंतर्गत मेहंदी, रंगोली, आर्ट एंड क्राफ्ट का बेसिक ज्ञान दिया जा रहा है। वहीं परफॉर्मिंग आर्ट्स के अंतर्गत संगीत की गायन व वादन की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, इसके साथ साथ डांस, ड्रामा व स्वयं को फिट और आनंदित रखने के लिए जुम्बा क्लासेस भी संचालित होती है। इसके अलावा स्पोर्ट्स में इंडोर गेम्स जैसे टेबल टेनिस, शतरंज व कैरम एवं आउटडोर गेम्स जैसे वॉलीबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, शॉटपुट, कबड्डी, खो- खो जैसे गेम्स संचालित किए जा रहे हैं। खास बात ये है कि ये समर कैम्प विद्यालय में अध्ययनरत ग्रेड 3 से 12 के विद्यार्थियों के लिए पूरी तरह निःशुल्क है।

जिसमें कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं है। उल्लेखनीय है कि विद्यालय की समस्त विधाओं में विद्यालयीन टीचिंग स्टाफ द्वारा सुनियोजित तरीके से बच्चों को समुचित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अतिथि के रूप में उपस्थित होकर रमेश भाटिया, नरेंद्र सिंह ठाकुर एवं श्रीमती सलोनी सरले ने श्रीविनायकम स्कूल की सहभागिता पर हर्ष जताया एवं प्रतिभागियों को मार्गदर्शन व प्रोत्साहन प्रदान किया।

## मतदान की झलकियां



बैतूल के मालवीय वार्ड में दोपहर को थर्ड जेंडर ने भी बढ़ चढ़कर मतदाताओं ने भाग लिया। मतदान किया।



जिले में तीसरे चरण का मतदान संपन्न हुआ। तीसरे चरण में पहली बार मताधिकार का उपयोग करने वाले युवाओं में उत्साह दिखा। वहीं बुजुर्ग मतदाताओं के अलावा पैर फ्रैक्चर होने के बावजूद एक मतदाता ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# 11 मई से कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा करेंगे तीन दिवसीय शिव महापुराण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

गत दिनों जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सुपुत्र कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने अपनी पहली कथा की थी, अब देश के कोने-कोने से पंडित श्री मिश्रा की कथा कराए जाने के आमंत्रण आने लगे है, लेकिन उन्होंने शहर में अपनी पहली कथा बुजुर्गों के मध्य करने का फैसला लिया है और आगामी 11 मई से सैकड़ाखेड़ी जोड़ पर संकल्प वृद्धाश्रम में तीन दिवसीय शिव महापुराण करेंगे।

संगीतमय तीन दिवसीय शिव महापुराण को लेकर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के द्वारा मंगलवार को उज्जैन शनि मंदिर के पुजारी सचिन त्रिवेदी, शहर के प्रसिद्ध पंडित सुनील पाराशर, श्री राधेश्याम विहार कालोनी जितेन्द्र तिवारी, जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा, केन्द्र के प्रभारी नटवर कुशवाहा सहित अन्य कथा स्थल का जायजा लिया। अब बुधवार को विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला सहित अन्य आगामी 11 मई से होने वाली शिव महापुराण के बारे में रूपरेखा तय करेंगे।

### वृद्धाश्रम में नियमित रूप प्रतिदिन होते प्रवचन और भजन

आगामी 11 मई से होने वाली तीन दिवसीय शिव महापुराण को लेकर यहां पर निवासरत वृद्धजनों में भक्ति और उत्साह का संचार है। यहां पर मंगलवार की शाम को पंडित श्री पाराशर ने अपने प्रवचन के दौरान कहा कि एक बार राजा परीक्षित अपने राज्य की शासन व्यवस्था देखने के लिए निकले। उन्होंने सबसे पहले एक गाय और बैल को आपस में बातें करते देखा। उसी समय एक काला सा व्यक्ति उसे लात मारने लगा। जिसे राजा परीक्षित छुप कर देख रहे थे। यह देख राजा परीक्षित को क्रोध आया और उसने उस काले व्यक्ति को धमकाते हुए कहा कि तुम उसे क्यों मार रहे हो, मैं राजा हूं और मैं तुम्हें कठोर दंड दूंगा। जिस पर वह राजा के चरणों में गिर गया और अपना परिचय देते हुए बताया कि आप महान धार्मिक राजा हैं और मैं कलयुग हूं। मुझे आपके राज्य में रहने के लिए थोड़ी सी जगह चाहिए। जिस पर राजा ने उसे मना कर दिया। लेकिन अनुनय-विनय करने पर राजा ने कहा कि तुम जहां जुआ खेलते है वहां, मदिरापान होता है, हिंसा होती हो वहीं रहने की आज्ञा दे दी। कलयुग इससे प्रसन्न हुआ। इसी के कारण कलयुग में हिंसा ज्यादा हो रही है। सतयुग में तपस्या से इंसान को मुक्ति मिलती थी। द्वापर युग में यज्ञ से, त्रेता युग में चरण पादुका और कलयुग में मात्र भगवान के नाम लेने से मानव को मुक्ति मिल जाती है।

## तालाब में वर्तमान में पानी नहीं होने के कारण तालाब सूखा पड़ा

# पोही जलाशय में खुलेआम जेसीबी से कर रहे अवैध उत्खनन, बिगड़ता जा रहा है तालाब का स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आमला के ग्राम परसोड़ा लालावाडी के मध्य स्थित जलाशय की मिट्टी का अवैध उत्खनन कर उत्खननकर्ताओं द्वारा लाभ कमाया जा रहा है। जिससे तालाब के संरक्षक विभाग भी अनभिज्ञ है। तालाब के मिट्टी का व्यवसायिक उपयोग के लिए मनमाने तरीकों से खुदाई कर तालाब के स्वरूप को भी प्रभावित किया जा रहा है। जिसको लेकर जल संसाधन विभाग ग्राम पंचांयत से किसी प्रकार की कोई अनुमति नहीं ली गई है। जानकारी के अनुसार लालावाडी से रम्भाखेड़ी मार्ग पर ग्राम पोही में स्थित तालाब से मिट्टी का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। पंचायत द्वारा पूर्व में कराए गए गहरीकरण के स्थान पर ही अवैध रूप से खुदाई कर परिवहन का कार्य



### रात में किया जाता है अवैध उत्खनन और परिवहन

उत्खननकर्ताओं द्वारा तालाब में खुदाई का कार्य कर दिन व रात में कर परिवहन किया जाता है।शाम के बाद से ग्राम रम्भाखेड़ी परसोडा के खेतो मे कई ट्रालियां एक के बाद एक मिट्टी भरकर ले जाती हुई, देखी जा सकती है। मिट्टी को लोगों के यहां डाला जा रहा है, वहीं इसके लिए राशि भी ली जा रही है। पूर्व में उतखनन के कई मामले सामने आ चुके है इसी इलाको मे मुरुम पत्थर के माफियाओ द्वारा के माध्यम से खुदाई कार्य कराया जाता था।

### लंबे समय से हो रहा है अवैध उतखनन

पोही तालाब में वर्तमान में पानी नहीं होने के कारण तालाब पूरी तरह सूखा पड़ा हुआ है। जिसका फायदा उठाकर लंबे समय से अवैध खुदाई कार्य जारी है। तालाब में बड़े क्षेत्र में खुदाई देखी जा सकती है। अवैध उत्खनन से ग्राम पंचायत को राजस्व की हानि हो रही है। लेकिन इस पर कोई जांच या कार्यवाही नहीं की जा रही है। जबकि पूर्व में खुदाई को लेकर पंचायत या राजस्व विभाग से अनुमति लेना होता था, लेकिन इस वर्ष दोनों ही विभागों ने अनुमति प्रदान नहीं की है, बावजूद उसके खुदाई जारी है।

**तालाब की पार पर दौड़ाते है ट्रैक्टर ट्रॉली:** एक ओर जहां तालाब की उपयोगी मिट्टी की खुदाई कर व्यवसाय किया जा रहा है, वहीं ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब की पार पर से ही आवागमन किए जाने के कारण पाल क्षतिग्रस्त हो रही है। ट्रैक्टर ट्रॉली चालकों द्वारा तालाब के मध्य से रास्ता बनाकर पाल से ही खाली एवं भरी ट्राली लाई एवं ले जाई जाती है, जिससे पाल कमजोर हो रही है। ऐसे में बारिश के दौरान जब तालाब में पानी का भराव होता है, तब पानी का रिसाव पालों से ही होता है, और इसमें लंबे समय तक पानी नहीं रह पाता है। जिससे भी तालाब को लेकर नुकसान हो रहा है।

### *खनन माफिया उठाएंगे मौके का फायदा*

*बीते कुछ माह पूर्व उतखनन के मामले मे जिला मुख्यालय पर बैठक में द्वारा सार्वजनिक तालाब का गहरीकरण करने पर किसानों पर कोई कार्यवाही नहीं किए जाने निर्देश दिए है, लेकिन किसान मिट्टी का उपयोग खेतों में कर सकता है, बेच नहीं सकता है। लेकिन यहां कलेक्टर के आदेश के पहले ही रम्भाखेड़ी के खनीज माफिया द्वारा ही अवैध खुदाई कर व्यवसाय किया जा रहा है। ऐसे में जिला अधिकारी के इस निर्देश का फायदा किसान कम और खनन माफिया अधिक उठा रहे है। किसानों की आढ़ में मिट्टी का व्यवसाय किया जाता है। तब जांच भी होगी तो, किसानों के उपयोग बताकर जांच व कार्यवाही से बचा भी जा सकेगा।*

### शहर व ग्रामीण अंचलों में धड़ल्ले से चल रहा अवैध सट्टा, पुलिस प्रशासन मौन

# आईपीएल समेत अन्य सट्टे के कारोबार में लिप्त हो रहे हैं युवा और बच्चे

**आईपीएल टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता चर्चा में है। पिपरिया में खेल की प्रत्येक बॉल एवं रन पर सटोरियों द्वारा हार जीत का अवैध रूप से कारोबार किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक इन सटोरियों पर कार्वाई नहीं की गई है। परिणाम स्वरूप धड़ल्ले से चल रहे इस अवैध कारोबार युवा और बच्चे लिप्त हो रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी अपराध को लेकर कहीं कोई पीछे नहीं है सट्टे का कारोबार भी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में लंबे समय से संचालित किया जा रहा है जो खुले आम न होकर चोरी छुपे है लेकिन प्रशासन की नजर में है। ऐसे आईपीएल सट्टेबाजी मैं नगर पीछे नहीं है सटोरियों को आज तक कोई गिरफ्तार नहीं कर पाया है। विगत वर्ष कुछ आईपीएल सट्टा के खिलाड़ियों के खिलाफ मंगलवार पुलिस के द्वारा कार्यवाही की गई थी। लेकिन उसके बाद से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है एप के माध्यम से भी सट्टा खिलाया जा रहा है। पिपरिया विधानसभा में ही करोड़ों रुपए का लेनदेन होता है और खिलाड़ी फोन पर ऑनलाइन वेटिंग करने के मामले में लोग सट्टा खेल रहे हैं जिसमें युवा वर्ग एवं धन्ना सेठों के पुत्र एवं धन्ना सेठ भी शामिल है। लेकिन इस वर्ष कुछ अधिक संख्या में खिलाड़ी बढ़ चुके हैं लेकिन अभी तक ऑनलाइन सटा एप के जरिए खिलाने वालों पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। नगर पालिका परिषद क्षेत्र के लोहिया वार्ड में एक दिव्यांग मुस्लिम परिवार के युवा के द्वारा भी लगातार लंबे समय से सट्टा पर्ची लिखने एवं सट्टा खिलाने का कार्य किया जा रहा है यह एक बड़ा नेटवर्क है जिसे तोड़ने में अभी तक प्रशासन सफल नहीं हो पाया है। तरह से ग्रामीण क्षेत्र में जुए का कारोबार भी बढ़ता जा रहा है। प्रशासन के द्वारा टीम गठित करने पर सूचना प्राप्त होने पर जुआ खेलने वालों के खिलाफ आए दिन कार्रवाई की जाती है। लेकिन सट्टा गेम के खिलाफ अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है कई जगह आरोपियों के द्वारा कई तरह से ऑनलाइन के माध्यम से सट्टा खिलाया जा रहा है यहां तक की बहार भी जाकर सट्टा खेला जा रहा है। अब ग्राम वासियों ने एवं तमाम समाज सेवी संगठनों ने प्रशासन से इस तरह के कारोबार पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

विषय में क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में ऐसे सभी अपराधों पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया गया है यदि उसके बाद भी यह कारोबार संचालित किया जा रहा है सुबह पुलिस प्रशासन से बात करेंगे तथा ऐसे कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पुलिस प्रशासन मंगलवाड़ा थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी एवं स्टेशन रोड थाना प्रभारी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि सूचना प्राप्त होने पर आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है यदि इस तरह की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल सटोरियों के एवं जुआं के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# महाराणा प्रताप जयंती पर राजपूत समाज ने निकाली वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



राजपूत समाज द्वारा क्षत्रिय कुलभूषण वीर महाराज महाराणा प्रताप का जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय आयोजन के तहत बुधवार को सरला मंगल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इधर युवाओं ने वाहन रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम में शहर के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए क्षत्रिय समाज के लोग शामिल हुए। वाहन रैली शाम पांच बजे से निकाली गई जो खेडापति मंदिर सीपीई के पास से शुरू हुई जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पोटर खोली में हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। वाहन रैली में राजपूत समाज के युवाओं को वाहनों पर सवार हो जय भवानी, जय महाराणा के नारे लगाए। युवाओं के साथ रैली में राजपूत समाज के वरिष्ठ बुजुर्ग भी शामिल हुए।

### शौर्य चल समारोह और शस्त्र पूजा आज

महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम के दूसरे दिन आज गुरूवार को शस्त्र पूजा का आयोजन किया जाएगा। फ्रेंड्स स्कूल यह कार्यक्रम होगा। फ्रेंड्स स्कूल में शाम 4 बजे शस्त्र पूजा का आयोजन इसके बाद शौर्य चल समारोह निकाला जाएगा जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस स्कूल में सम्पन्न होगा। इसके बाद शाम 7 बजे महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन होगा।

### बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

सरला मंगल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम राजपूत समाज के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने फेंसी डेस, नृत्य और गायन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने भी कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

# घर की अनुपयोगी वस्तुओं से सीखा घोंसला बनाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित 2 दिवसीय कार्यशाला प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन में एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा चचाने के सहयोग से छात्रा कु. साक्षी अमोले बीएससी द्वितीय वर्ष द्वारा छात्राओं को गौरैया चिड़िया के घोसले एवं फूड फीडर घर की अनुपयोगी वस्तुओं से बनाना सिखाया। भीषण गर्मी से बेजुबान पक्षियों के संरक्षण हेतु छात्राओं द्वारा घोसले एवं फूड फीडर 35 बनाये गये एवं पूरे महाविद्यालय परिसर में लगाये गये। जिसकी दाना, पानी भरने की जिम्मेदारी छात्राओं के ग्रुप को सौपी गई। प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने बताया कि विलुप्त हो रही गोरैया एवं अन्य प्रजाति के पक्षी की सुरक्षा एवं संरक्षण का दायित्व मानव जाति पर है। इस महान कार्य में हम सभी का योगदान होना चाहिए। छात्राओं द्वारा बनाये गये घोसले एवं फूड फीडर अत्यंत सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर स्वयंसेविका पूजा गोस्वामी, अंजली, चित्ररेखा, नौशिवा, दीपिका, मनीषा, डॉली, गायत्री, सोना, मीरा, वनीता, हेमालिका, प्रेरणा, सलोनी, सुमायला एवं अन्य छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

# नेशनल बॉयज की टीम में एकलव्य करेंगे प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आयोजित होने वाली अंडर 20 नेशनल बॉयज की टीम में नर्मदा पुरम से एकलव्य झा टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। सीहोर में विगत डेढ़ माह से चल रहे 32 खिलाड़ियों के कैंप में से 18 सदस्य खिलाड़ियों का टीम के चयन कमेटी में नर्मदा पुरम जिला फुटबॉल संघ के सचिव दीपक परदेसी को चयनकर्ता के रूप में रखा गया था। मध्य प्रदेश की टीम में पचमढ़ी शहर के एकलव्य झा का चयन किया गया। उनके चयन पर समस्त पचमढ़ीवासीयो एवं नर्मदा पुरम जिला फुटबॉल के खिलाड़ियों ने उन्हें बधाइयां प्रेषित की।

# घर का ताला तोड़कर चोरों ने ले गए लाखों का सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरीहरचंद



ग्राम जमुनिया से लगे रेलवे स्टेशन गुरम खेड़ी की आवास कॉलोनी में निवासरत स्टेशन मास्टर के रेलवे कॉलोनी स्थित आवास में बीती 6-7 तारीख की रात्रि को अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोरी करके ले गए स्टेशन मास्टर चंद्रेश कुमार चंदेल ने बताया कि मैं अपने रेलवे कॉलोनी आवास में रहता हूं परसों 6 तारीख को मैं अपने गांव गया था आज 8 तारीख को सुबह वापस लौटा तो क्वार्टर के मुख्य दरवाजे का ताला नदारत पाया सिटकनी खोलकर मैं अंदर गया सबसे पहले मेरी नजर सामने पड़ी तो टीवी गायब था मैं दौड़कर पीछे की तरफ गया तो मुझे पीछे का दरवाजा खुला मिला फिर मैं अंदर जाकर देखा तो लगभग 15 ग्राम की सोने की झुमकी अलमारी से लगभग 12000 रुपए नगद 60 किलो गेहूं की बोरी मिक्सी एवं रोज की जरूरत का किराने का सामान गायब था। इस संबंध में स्टेशन मास्टर चंदेल द्वारा स्थानीय पुलिस चौकी में आवेदन देकर शिकायत की है वहीं पुलिस चौकी प्रभारी आकाशदीप से पूछने पर उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर के क्वार्टर में चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई है कार्यवाही की जा रही है।

# महिला एवं युवती दल ने दी गीत-संगीत की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

जिला सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जी के प्रागट्योत्सव समारोह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार दोपहर शतरंज-कैरम स्पर्धा के बाद शाम को परशुराम भवन में शाम 6 बजे से महिलाओं एवं युवती दल के लिए गीत संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर विजेता कलाकारों का महिला मंडल की संरक्षक कल्पना शर्मा, अध्यक्ष ज्योति शर्मा, जिलाध्यक्ष जितेंद्र ओझा द्वारा किया गया। निर्णायकों के रूप में गायिका राशि खाड़े, संगीतकार संजय पुरकर रहे। समारोह में भवन की निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले पं. राघवेन्द्र पांडेय, मनोहर तिवारी को भी सम्मानित किया गया। संगीत कार्यक्रम का संचालन राकेश दुबे ने किया।

इस अवसर पर संगीत समिति के अखिल दुबे,रजत मिश्रा, जुगल किशोर शर्मा, प्रकाश दुबे, दिनेश उपाध्याय, शैलेंद्र दुबे, जितेंद्र उपरीत, अजय शुक्ला, ज्ञानेंद्र उपाध्याय का सहयोग रहा। समारोह संयोजक अभिषेक तिवारी, अशोक शर्मा, अशोक दुबे, सुनील बाजपेयी, कुलभूषण मिश्रा एवं अन्य सदस्यों ने आभार जताया।

# गाइड संघ ने बीफॉल में स्वच्छता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी



पचमढ़ी के खूबसूरत दर्शनीय स्थल बी फाल पर आज वन विभाग के रेंजर मारू, रश्मि, गाइड संघ के सभी सदस्यों और पर्यावरण प्रेमीयों ने मिलकर सफाई अभियान चलाया। अभियान मे करीबन एक गाड़ी भरकर पानी की बोतलें, कचरा, पन्नी, पाउच, कांच की बोतल एकत्रित की गईं। गाइड संघ के करीब तीस से चालीस सदस्यों ने यह पहल की जो कि बहुत ही सराहनीय है।मौजूद पर्यटन प्रेमिओं ने कहा कि पर्यटकों को भी अपनी जवाबदारी समझनी होगी। इस तरह प्राकृतिक सौंदर्य को खराब करना उचित नहीं है।

### क्या होती है कचरे की असल वजह

अक्सर पचमढ़ी घूमने आ रहे पर्यटक लंच से पहले बिफ़ाल जाना पसंद करते हैं। ऐसे में ज्यादातर पर्यटक सफल कुछ खाने का सामान साथ ले ही जाते हैं। बी फॉल की भौगोलिक स्थिति को देखें तो झरने को देखने के लिए आपको काफी नीचे ट्रैकिंग करके उतरना पड़ता है ऐसे में पानी की बोतलें साथ में रखना लाजमी भी हो जाता है। ज्यादातर इन्हीं चीजों का कचरा बी फाल पर नजर आता है।

### कैसे कर सकते हैं सुधार

यह मानना गलत नहीं होगा कि पचमढ़ी का एकमात्र व्यवसाय पर्यटन ही है। बाकी अन्य व्यवसाय जो पर्यटन से अलग है वह कहीं ना कहीं इसी से जाकर जुड़े हुए नजर आते हैं। प्राकृतिक जगह पर कचरा ना हो इसके लिए सबसे पहले पर्यटकों को अवेयर करना सबसे ज्यादा जरूरी है। आमतौर पर जिप्सी में ड्राइवर और गाइड इन चीजों का ध्यान रखते हैं कि रास्ते में पर्यटकों को साफ सफाई हेतु जागरूक किया जाए। हम पचमढ़ी आने वाले पर्यटकों से भी अपील करते हैं कि वह जब भी पचमढ़ी आए तो यह ख्याल रखें की कोई भी कचरा ऐसी प्राकृतिक जगह पर ना फैलाएं।

# नपा अधिकारी ने अधिवक्ता पर लगाया फाइल गायब करने का आरोप, अधिवक्ता ने नकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शासकीय अधिवक्ता भूरेसिंह भदौरिया और नगर पालिका अधिकारी के मध्य फाइलों को लेकर सवाल खड़े हो गये हैं। नगर पालिका सीएमओ का कहना है कि वकील को नगर पालिका के कार्यों से मुक्त कर दिया है, लेकिन उन्होंने करीब पंद्रह फाइलें हमें वापस नहीं की हैं, जबकि वकील का कहना है कि वे सारी फाइलें दे चुके हैं और नगर पालिका का कोई भी दस्तावेज उनके पास उपलब्ध नहीं है।

### अधिवक्ता ने दिया पत्र

यह मामला उस वक्त सामने आया था जब नगर पालिका के अधिवक्ता भूरेसिंह भदौरिया ने सीएमओ को एक पत्र देकर उनको कार्यमुक्त करने के साथ ही नगर पालिका पर दस्तावेज नहीं देने और कोर्ट में नहीं पेश होने पर नाराजी जतायी थी। मामले में सीएमओ ने अधिवक्ता को कार्यमुक्त करते हुए लिखा कि इस निकाय अंतर्गत प्रचलित न्यायालयीन प्रकरणों की पैरवी हेतु आपको नियुक्त किया था, जिसके तहत आपने निकाय अंतर्गत प्रचलित न्यायालयीन प्रकरणों में पैरवी की तथा समय-समय पर आपके द्वारा निकाय से प्रकरणों की मूल फाइलें भी चाही गईं जो आपको उपलब्ध करायी गई।

निकाय के रिकॉर्ड अनुसार विभिन्न माध्यमों से आपको कुल 45 फाइलें दी गईं। आपके द्वारा जो नस्तियां प्राप्त हुई हैं, मूल नस्ती से मिलान करने पर 11 नस्तियां अप्राप्त हैं। जिसकी सूची पत्र के साथ संलग्न है। कृपया आप तत्काल उक्त 11 नस्तियां संजय सोहनी, कार्यालय अधीक्षक को सौंपे। हालांकि सीएमओ ने बताया कि नपा को 45 में से केवल 41 नस्तियां मिलीं, भदौरिया ने जो नस्तियां सौंपी हैं, वे वर्तमान में चल रहे कुछ अन्य प्रकरणों की मिलाकर 11 हैं, जबकि 45 में से भी 4 नस्तियां, इस तरह से 15 नस्तियां नहीं मिली हैं। सीएमओ ने कार्य से मुक्त करते हुए निर्देशित किया है कि आप तत्काल आपके पास लंबित फाईलें इस निकाय को प्रदान करें ताकि आपके लंबित देयकों के भुगतान किया जा सके।

### ऐसा था भदौरिया का पत्र

नगर पालिका के अधिवक्ता भूरे सिंह भदोरिया ने स्वयं को कार्य मुक्त किए जाने सीएमओ को लिखे पत्र में कहा कि उनके द्वारा अनेक प्रकरणों में नगर पालिका का पक्ष मजबूती से रखा गया है।

वर्तमान में उनके द्वारा बार-बार निवेदन, आवेदन, वाट्सएप मैसेज के माध्यम से अवगत कराए जाने के बावजूद भी नगर पालिका द्वारा रुचि न लेने के कारण एवं दस्तावेज उपलब्ध न कराए जाने के कारण, न्यायालय में गवाही न देने आने के कारण नगर पालिका का पक्ष सही रूप से न्यायालय में नहीं रख पा रहे हैं, जिसके चलते अब ज्यादा निर्णय नगर पालिका के विरुद्ध आ रहे हैं जिससे वह अत्यधिक आहत हैं और ऐसी स्थिति में नगर पालिका परिषद के अधिवक्ता के कार्य का निर्वहन करने में असमर्थ है।

# स्कूल के पास अवैध रूप से बिक रही शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत उटिया किशोर में खपड़िया गांव में अवैध रूप से शराब बिक्री का मामला ज्ञापन के माध्यम से ग्राम वासियों ने अनुविभागी पुलिस अधिकारी को सौपा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि समस्त ग्रामवासी समस्त ग्रामवासी दिलीप कुमार रमेश कुमार धनराज यादव अधिवक्ता सहित दर्जनों ग्राम वासियों ने बताया कि हमारे गांव में नारायण गढ़वाल द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री का कार्य करते आ रहे हैं। जो की सरकारी स्कूल के पास ही घर से संचालन किया जाता है पहले भी गांव वालों ने शिकायत पुलिस प्रशासन एवं आबकारी विभाग से की थी जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करो उसको न्यायालय में पेश किया था पर्वत फिर भी अवैध रूप से शराब बिक्री का कार्य कर रहा है। के कारण गांव युवा पीढ़ी नशे की आधी हो गई है युवा शराब पीकर आपस में लड़ाई झगड़ा करते हैं उसकी वजह से गांव में आए दिन झगड़ा होते हैं गांव की शांति भंग हो चुकी है महिलाएं परेशान हो चुकी है वह घर से नहीं निकल पा रही हैं जनहित में नारायण गढ़वाल के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए ग्राम वासियों ने ज्ञापन सोपा। इस बारे में अनुविभागी पुलिस अधिकारी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि ज्ञापन ग्राम वासियों के द्वारा सौंपा गया है। पुलिस एवं आबकारी वृत अधिकारी की ओर भेजा जा रहा है मामले की जांच कर कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गोवंश के संरक्षण के लिए जन जागरण यात्रा का होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

नगर पालिका परिषद बीवी गिरी के पार्षद एवं गो सेवक अभिषेक दुबे ने बताया कि गोवंश की हालत काफी दायिनी होती जा रही है। गांव से लेकर शहर तक गोवंश मारा मारा सड़कों पर घूम रहा है लेकिन उसे कहीं भी सुरक्षित स्थान नहीं प्राप्त हो रहा है। ग्राम पंचायत में गौशाला है वहां कुछ गोवंश को रखा है लेकिन उसके बाद भी गोवंश की संख्या सड़कों पर काम नहीं हो रही है। के कारण आए दिन एक्सीडेंट में दो वंश समाप्त हो रहा है इसके लिए गौ संरक्षण जन जागरण यात्रा का शुभारंभ किया जा रहा है। सेवा करने वाले युवाओं को आगे लहराया जा रहा है इसका मुख्य उद्देश्य गौ बचाओ संस्कृति बचाओ तथा पर्यावरण बचाओ इन तीन बिंदुओं को लेकर यह यात्रा निकाली जावेगी जो की 1 जून से प्रातः 9 बजे से ग्राम पंचायत सांडिया पिपरिया से प्रारंभ होकर बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन जावेगी वहां पर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गौ संरक्षण विभाग को ज्ञापन सोपा जावेगा। किया जा सके गौ संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया जा सके जिन लोगों की गौ सड़कों पर मारी मारी घूम रही है उनसे भी अपील की गई है कि वह अपनी गौ वंश को अपने घरों में रखें।

सड़कों पर ना छोड़े आए दिन गोवंश की हत्या हो रही है कहीं गायों में टकराकर तो कहीं पनी खाकर यह समस्या खड़ी होती जा रही है। प्रयास से नगर की सैकड़ो गांव पार्षद अभिषेक दुबे एवं नगर पालिका परिषद के सहयोग से ग्राम नंदवाड़ा की गोशाला में तथा नगर पालिका परिषद के कांजी हाउस में भी अस्पताल अस्थाई तौर से बनाया गया है जहां पर घायल गोवंश को रखा जा रहा है। वैशाख मास में गोवंश को पीने के पानी के लिए नगर पालिका परिषद एवं ग्राम वासियों के द्वारा पानी एवं चारे की व्यवस्था की जाती है पुरानी गल्ला मंडी में प्रतिदिन एवं मंगलवार बाजार में व्यापारियों के द्वारा हर खरीद कर सड़कों पर घूमने वाले गोवंश को दिया जाता है इस तरह से यहां सेवा भाव तो किया जा रहा है लेकिन फिर भी सड़कों पर बढ़ती गोवंश की जनसंख्या एवं समस्या को लेकर यह यात्रा निकाली जा रही है जिसमें उन्होंने सबसे अधिक लोगों से सहयोग करने की अपील की है।

### सोशल मीडिया के जरिए चढ़ा पुलिस के हत्थे

# दुकानों में सामान चोरी करने वाले को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



नगर के विभिन्न मोहल्लों में दुकानों पर पहुंचकर दो दिनों से चोरी की वारदात करने वाले व्यक्ति ने नगर के एक धार्मिक स्थल को भी अपना निशाना बनाना चाहा, लेकिन जब वह वहां पहुंचा उस समय काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर के अंदर थे, तो वह भी भगवान के हाथ जोड़कर वहां से खाली हाथ निकल आया।

यह सब सीसीटीवी फुटेज में आने पर सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल होने पर पुलिस ने चोर को दबोच लिया। बता दें कि चोर ने एक किराना दुकान पर जाकर दराज में रखे मोबाइल को चुरा लिया। शख्स के चोरी की वारदात करने के सीसी फुटेज जब सोशल मीडिया के माध्यम से नगर में नागरिकों व पुलिस के पास पहुंचे तो एसडीओपी आकाश अमलकर ने मामले को गंभीरता से लेकर तत्काल नगर निरीक्षक रविंद्र यादव को निर्देशित किया और कुछ ही घंटे में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। नगर निरीक्षक रविंद्र यादव ने बताया कि 6 मई को सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली कि आष्टा में एक चोर 5 मई रविवार से घूम रहा है।

रविवार को केयर अस्पताल के मेडिकल स्टोर से गो शाला का दान पात्र गुल्लक को चुराकर ले गया ओर सोमवार को बजरंग कॉलोनी में विमल किराना दुकान में दिन दहाड़े घुस कर मोबाइल फोन ले गया। करीब 9 बजे के बीच नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर साईं कॉलोनी में अन्दर घुस गया था, लेकिन वहां काफी संख्या में लोगों को देखकर चोर भगवान के हाथ जोड़कर निकल गया।

### नेपानगर और बुरहानपुर विधानसभा में हुआ भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा...

# पीएम मोदी संस्कृति को बचाने की, कांग्रेस करती समाप्त करने की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭बुरहानपुर

कांग्रेस के जींस में अंग्रेज हैं। बांटों और राज करो की नीति हमेशा अपनाई है। अब राहुल गांधी के सलाहकार ब्रिटेन के सैम पित्रोदा ने देश के लोगों को रंग के आधार पर बाहर से आया हुआ बता दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की संस्कृति और विरासत को बचाने की बात करते हैं और कांग्रेस विरासत को समाप्त करने की बात कर रही है।

बुधवार को यह बात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने इंदिरा कॉलोनी के राजस्थान भवन में आयोजित बुरहानपुर विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष शर्मा नेपानगर विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए थे। उन्होंने आगे कहा कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में नया कानून विरासत टैक्स शामिल किया है। जिसके लागू होने से बेटा बेटियों के लिए अर्जित की गई संपत्ति और आभूषण आदि सरकार द्वारा छीन लिए जाएंगे। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कहा यह लोकसभा चुनाव हम सबके लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में कई बड़े काम होने हैं। प्रत्येक बूथ पर 370 वोट ज्यादा लेना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष कहते हैं। हर बूथ पर चुनाव कैसे जितेंगे। जब हर बूथ से हम 10 प्रतिशत अधिक यानी विधानसभा चुनाव में मिले मतों से 370 वोट अधिक लाएंगे। यह हमारा लक्ष्य है। कार्यकर्ताओं की इच्छाशक्ति से हम जीत सकते हैं। जो जोश मुझे आज बुरहानपुर में देखने को मिला है। उससे साबित होता है कि खंडवा लोकसभा सीट भी हम जीत रहे हैं। पूर्व से पश्चिम तक। सिर्फ एक ही बात हो रही है कि तीसरी बार फिर बनेगी मोदीजी की सरकार।




#### भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो कांग्रेसियों के पेट में दर्द उठा

कांग्रेस ने हमारे आराध्य भगवान श्रीराम का अपमान किया है। पांच सौ साल के संघर्ष और बलिदान के बाद जब 22 फरवरी को अयोध्या में उनकी प्राण प्रतिष्ठा हुई तो कांग्रेस की सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित अन्य नेताओं ने इसका बहिष्कार किया। ब्रिटेन ने इस दिन सरकारी अवकाश रखा और भारत के साथ अमेरिका में भी जश्न मनाया जा रहा था। लेकिन इन कांग्रेसियों के पेट में दर्द हो रहा था। कार्यकर्ताओं ने अपने त्याग और समर्पण से भाजपा को विश्व में दिलाई भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज माने ने कहा भाजपा वह पार्टी है, जो देश को हर क्षेत्र में ऊंचाइयों तक लाने का काम कर रही है। जिसमें कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह वो कार्यकर्ता हैं जिन्होंने अपने त्याग और समर्पण से इस पार्टी को आज विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है।

#### बुरहानपुर आकांक्षाओं से भरा है विकास के लिए तड़प रहा है

बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा विकास के लिए बुरहानपुर तड़प रहा है। बुरहानपुर आकांक्षाओं से भरा हुआ है। विधानसभा चुनाव में बुरहानपुर के 142 बूथ पर हम नहीं जीते हैं। 204 में हमने कैसी जीत हासिल की होगी। उसी तरह हमें हारे हुए बूथ जितना होंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी मौजूद थे।

## नेताओं से पार्टी की एकता और कार्यक्षेत्र में सक्रिय भागीदारी को बढ़ाने का आह्वान किया



**खंडवा।** खंडवा में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की अगुवाई में भारी भीड़ पार्टी के नेताओं की देखकर प्रदेश अध्यक्ष को हैरान कर दिया। उन्होंने हवाई पट्टी पर उतरते ही स्वागत ने शोर मचा दिया। प्रदेशाध्यक्ष ने उपस्थित नेताओं को चुनावी महत्व पर ध्यान दिलाया। वीडी शर्मा ने भाजपा की नीति और चुनावी संवाद में जोर दिया। साथ ही कहा की खंडवा भाजपामय क्षेत्र है उसके महत्व को समझने की हिदायत दी। वीडी शर्मा ने कहा यहां की राजनीतिक घटनाओं का प्रभाव पूरे प्रदेश तक महसूस होता है। भारतीय जनता पार्टी ने भी इस क्षेत्र में अपनी मजबूती को बढ़ाने के लिए कई पहल की है। इस संदर्भ में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के खंडवा आगमन को विशेष माना जा रहा है। वीडी शर्मा के खंडवा आगमन से पार्टी की उत्साही नेतृत्व बढ़ावा मिलेगा इस रूप में देखा जा रहा है। उनके हवाई पट्टी पर उतरते ही नेताओं द्वारा जबरदस्त स्वागत किया। पार्टी के कई प्रमुख नेता उपस्थित थे। यहां तक कि वह अचानक आगमन को देखकर अनेकों की हैरानी का कारण बना। वीडी शर्मा ने अपने आगमन के समय पार्टी के नेताओं को चुनावी महत्व पर ध्यान दिलाया। उन्होंने नेताओं से पार्टी की एकता और कार्यक्षेत्र में सक्रिय भागीदारी को बढ़ाने का आह्वान किया। इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा चुनावी प्रक्रिया में उत्साहित और एकजुट है। इस मौके पर भाजपा के कई प्रमुख नेता उपस्थित थे। उनमें प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल, सेवादास पटेल, अरुण सिंह मुन्ना, देवेंद्र वर्मा, राजेश तिवारी, कंचन तनवे, अमृता यादव, कपिल अंजने, संदेश गुप्ता आदि शामिल थे।

### 12 से 16 मई तक होगा आयोजन

## बच्चों में नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए आयोजित होगा समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭खंडवा

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 12 मई से 16 मई तक सुबह 8:30 बजे से 11 बजे तक भाग्योदय भवन आनंद खंडवा में निशुल्क ग्रीष्म कालीन शिविर 'उडान फरिश्तो की' समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न गतिविधियों के विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे। जैसे बच्चों में एकाग्रता के लिए राजयोग मेडिटेशन, योगा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रिएटिव गेम्स, हेल्थ एंड हाइजीन, संस्कारों एवं मूल्यों की स्थापना के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

संस्था प्रभारी शक्ति दीदी ने जानकारी देते हुए कहा कि समर केम्प में कक्षा 5 वीं से कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत बच्चे रजिस्ट्रेशन करवाकर भाग ले सकते है, जो पुर्णतः निशुल्क है, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन 9 मई से 11 मई तक भाग्योदय भवन आनंद नगर खंडवा में प्रातः 8 से 11 बजे एवं शाम 5 से 8 बजे तक किये जाएँगे, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन क्यूआर कोड से भी कर सकते हैं।

उक्त समर केम्प के समापन पर समस्त प्रतिभागी वच्चों को विशेष उपहार और प्रमाणपत्र वितरित किया जावेगा तथा बच्चों के लिए प्रतिदिन शीतल पेय एवं विशेष प्रसाद भी वितरण किया जाएगा।

अतः समस्त अभिभावकों से निवेदन है कि नियत तिथि पर निशुल्क रजिस्ट्रेशन करवाकर अपने बच्चों को समर केम्प में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, और उनमे संस्कारों, मूल्यों की स्थापना ,बौद्धिक विकास एवं एकाग्रता आदि की स्थापना के लिए इस स्वर्णिम अवसर का लाभ अवश्य लें।

### आमजन को जागरूक किया जाएगा

## लोक अदालत के प्रचार वाहन को न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में 11 मई को जिला न्यायालय हरदा एवं तहसील खिड़किया, टिमरनी सिविल न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण के लिए स्थानीय जनमानस में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा द्वारा जिला न्यायालय परिसर से बुधवार को प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



वाहन द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों व शहरी क्षेत्रों में जाकर नेशनल लोक अदालत के आयोजन का प्रचार - प्रसार कर नेशनल लोक अदालत के होने वाले लाभ के बारे में आमजन को जागरूक किया जायेगा। इस प्रचार रथ के साथ नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करने एवं आमजनों को नेशनल लोक अदालत की जानकारी के लिए पेरा लीगल वॉलंटियर्स द्वारा पैम्पलेट्स वितरित किए जाएंगे।

इस अवसर पर संगीता यादव, विशेष न्यायाधीश, शैलेंद्र कुमार नगोत्रा प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोपेश गर्ग, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय शांडिल्य, रोहित सिंह तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, राजेश कुमार यादव प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, के के वर्मा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, जिला अधिवक्ता संघ से वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल गुहा सहित जिला न्यायालय व प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नदी पर ससुराल वालों ने घेरकर मारपीट की, वीडियो भी बनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭बुरहानपुर

मंगलवार शाम को ताप्ती नदी के राजघाट पर महिला को घेरकर मारपीट करने और वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर बुधवार को महिला ने परिजनों के साथ एसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायत की है। ससुराल वालों पर कई गंभीर आरोप लगाकर कारवाई की मांग की है।

अनीता पति संजय जैन ने लिखित रूप में यह शिकायत प्रस्तुत कर कहा है की मेरे ससुराल पक्ष ने राजघाट स्थित ताप्ती नदी पर मुझे घेरकर मारपीट की है। मुझे जान से मारने की धमकी दी है। गलत इरादे से मोबाइल में मेरे वीडियो बनाए है। सार्वजनिक रूप से लोगों के सामने यह घटना हुई है। जिसकी वजह से में मानसिक, शारीरिक रूप से प्रताड़ित हुई हूं।

महिला ने बताया उसका विवाह सन 2020 में शाह बाजार निवासी संजय पिता शरद जैन के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। लेकिन दहेज एवम अन्य मामलों में प्रताड़ित किए जाने के कारण ससुराल वालो के खिलाफ केस किया था जो वर्तमान में बुरहानपुर जिला न्यायालय में जारी है। इस मामले से रंजिश रखते हुए ससुराल पक्ष मुझे जान से मारने की कोशिश में है। वर्तमान में मैं मेरे माता पिता के घर रहती हूं ' रोजाना शाम को राजघाट ताप्ती नदी पर मछलीयो को आता डालने जाती हु। ससुराल वालो के डर से परिवार के किसी भी सदस्य को साथ ले जाती हूं।

मंगलवार शाम 5.30 बजे हमारे रिश्तेदार संदीप मोदे के साथ नदी पर गई थी। उस दौरान अचानक वहा मेरे पति संजय जैन, ससुर शरद जैन, ननद मोनाली जैन अन्य कुछ लोगो को लेकर वहा पहुंच गए और मेरे वीडियो बनाने लगे जब इसका विरोध किया तो गालीगलोज करने लगे और घेरकर मारना शुरू कर दिया। बीच बचाव करने गए संदीप के साथ भी मारपीट की। और कहा की अगर फिर यहा दिखी तो जान से मार देगे। यह सभी सार्वजनिक रूप से लोगो के सामने हो रहा था। जिसके वहा ठेले लगाने वाले और कई लोग प्रत्यक्षदर्शी है।

मेरे ससुराल वालो को कानून का कितना डर है ये इस बात से पता चलता है की वह अब मुझे सार्वजनिक जगह पर प्रताड़ित करने लगे है। अनीता जैन ने शिकायत देकर ससुराल पक्ष के खिलाफ सख्त कारवाई की मांग की है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

## परिजनों ने सूदखोरों के खिलाफ प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

नगर के वार्ड नंबर 18 गोपालपुरा निवासी एक युवक का रविवार को अस्पताल में भर्ती कराया था। भर्ती होने के दो घंटे बाद डॉक्टरों को उसके जहर खाने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इस बीच इलाज के दौरान ही युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार को गोपालपुरा निवासी गजेंद्र पिता आत्माराम (27) सुबह 9 बजे खुद ही सिविल अस्पताल में भर्ती हुआ था। युवक ने डॉक्टरों को पेट दर्द होना बताया था।

चिकित्सा प्रभारी ने पेट दर्द की दवा देकर युवक को अस्पताल में भर्ती कर दिया। दो घंटे बाद युवक दर्द से तड़पने लगा तो चिकित्सक जांच करने पहुंचे, तब युवक ने बताया की उसने जहर खाया है। घटना की जानकारी अस्पताल प्रशासन ने पुलिस और युवक के परिजनों को दी। इस दौरान इलाज के बीच युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया। परिजनों ने मृतक युवक को प्रताड़ित करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में दिया आवेदन।

गोपालपुरा निवासी नाना जाट की मौत के बाद परिजनों ने देर रात सारंगपुर पुलिस थाने में आवेदन दिया। जिसमें उल्लेख किया की नाना जाट ने कर्ज के कारण आत्महत्या की है। दो तीन दिन से धनोरा निवासी माखन जाति चमार, कपिल द्वारा नाना को प्रताड़ित किया जा रहा था। वहीं विशाल मालवीय निवासी



बरूखेड़ी द्वारा भी मृतक नाना जाट के घर जाकर गाली गलौज कर धमकी दी थी। जिस कारण नाना जाट ने आत्महत्या की। परिजनों ने आरोपियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस थाने में आवेदन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी संतोष वाघेला का कहना है कि आवेदन प्राप्त हुआ है उचित जांच की जा रही है।

### लोस निर्वाचन क्षेत्र देवास के लिए 1550 अधिकारी कर्मचारी तैनात

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चौथे चरण में लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जा चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए गत दिवस विभिन्न जिला अधिकारियों को दायित्व सौपे गये है इसी प्रक्रिया के तहत संसदीय क्षेत्र-21 देवास अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र आष्टा में मतदाकर्मी 1474, सेक्टर अधिकारी एवं कार्यपालिका मजिस्ट्रेट 36, सेक्टर पुलिस अधिकारी 36, और एफएसटी 4 कर्मचारी तैनात किए जाएंगे।

### फूलों की माला पहनाकर किया स्वागत, हरदा जिले में 71.43 प्रतिशत मतदान

## मतदान कराकर वापस आए दलों को पिलाया गन्ने का जूस

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

लोकसभा निर्वाचन के लिए हरदा जिले के 517 मतदान केंद्रों पर मंगलवार को मतदान संपन्न हुआ। मंगलवार रात्रि को पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदान दलों की वापसी रात्रि लगभग 8:30 बजे होना प्रारंभ हो गई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया तथा अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गोडा ने सबसे पहले आए मतदान दलों का माल्यार्पण कर, और उन्हें गन्ने का रस पिलाकर स्वागत किया। मालूम हो कि टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 74.63 रहा जबकि हरदा विधानसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 68.86 रहा है। इस अनुसार जिले का मतदान प्रतिशत 71.43 रहा है। इस दौरान टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 77.39 प्रतिशत पुरूष तथा 71.69 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसी प्रकार हरदा विधानसभा क्षेत्र में 72.55 प्रतिशत पुरूष तथा 64.94 प्रतिशत महिला तथा 85.71 प्रतिशत अन्य मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 430450 मतदाताओं में से 307454 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जानकारी के अनुसार हरदा जिले में कुल 430450 मतदाताओं में से 307454 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें से 165904 पुरूष, 141544 महिला व 6 अन्य शामिल है। इनमें से टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 142800 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमें 74438 पुरूष तथा 66362 महिला शामिल है। जबकि हरदा विधानसभा क्षेत्र में 164654 मतदाताओं ने मतदान किया, जिनमें 89466 पुरूष, 75182 महिला व 6 ट्रांसजेण्डर मतदाता शामिल है।






#### 517 मतदान केंद्रों पर मतदान संपन्न हुआ

लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार देर शाम को जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह और जिला नोडल स्वीप रोहित सिसोनिया ने सफल मतदान कराने के बाद वापस मतदानकर्मियों का फूल मालाओं और गर्मी से राहत दिलाने गन्ने के रस से भव्य स्वागत किया गया। वही मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले मतदाताओं का आभार जताया। कलेक्टर ने सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए सभी मतदानकर्मियों की सराहना की। कलेक्टर सिंह ने लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर लोकसभा निर्वाचन को सफल बनाने के लिए जिले के नागरिकों को धन्यवाद भी दिया है। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया तथा अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी.गोडा सहित अन्य अधिकारियों ने सबसे पहले आए मतदान दलों का माल्यार्पण कर,और उन्हें गन्ने का रस पिलाकर स्वागत किया। जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने जिले में शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित तरीके से मतदान सम्पन्न होने पर सभी मतदाताओं, जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, अभ्यर्थियों, मीडिया प्रतिनिधियों व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया है।